**Time : 2½ Hours** **HINDI (S.L.)**

**Subject Code**

| S | 1 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|

**Total No. of Questions : 8** **(Printed Pages : 8)** **Maximum Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** (*i*) हर संपूर्ण प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से ही शुरू कीजिए।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

(*iii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*iv*) दायीं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं।

1. (अ) निम्नलिखित गद्यखंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्रभात का समय था। प्रभुदास अपने कमरे में लेटे हुए थे। सामने लोहे के संदूक में दस हजार सोने की मुहरें रखी हुई थीं। उनकी माता सिरहाने बैठी पंखा झल रही थीं। प्रभुदास ज्वर की ज्वाला से जल रहे थे। करवटें बदलते थे, कराहते थे, हाथ पाँव पटकते थे, पर आँखें लोहे के संदूक की ओर लगी हुई थीं। इसमें उनके जीवन की आशाएँ बंद थीं।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त गद्यखंड किस पाठ से लिया गया है? 1

(*ii*) लोहे के संदूक में क्या रखा था? 1

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **15–20** शब्दों में लिखिए। 6

(*i*) प्रि. भावे ने छात्र माशेलकर से क्या कहा?

(*ii*) घर से रुखसत होते समय अहमदू की बीवी ने अहमदू से क्या कहा था?

(*iii*) अरुणिमा सिन्हा ने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण किसके मार्गदर्शन में प्राप्त किया?

(*iv*) बीजक के अनुसार धन किस जगह पर स्थित था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40–50** शब्दों में लिखिए **:** 12

(क) योगेन्द्र सिंह यादव के मन में देशरक्षा की भावना कैसे जागृत हुई?

(ख) बसंत पंडित राजकिशोर से छलनी खरीदने की जिद क्यों कर रहा था?

(ग) भोलाराम का जीव यमदूत को चकमा देकर कहाँ भाग गया?

(घ) गोवा के जलपर्यटन को सुरक्षित बनाने के लिए हमारा क्या उत्तरदायित्व है?

3. (अ) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए **:**

जो गजलें वो सुनाती थी कि
जिनकी शल कभी गिरते नहीं थे
जो रिश्ते वो सुनाती थी
वो सारे उधड़े–उधड़े हैं
कोई सफ़्हा पलटता हूँ तो
एक सिसकी निकलती है।

**प्रश्न :**

(*i*) प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ जिस कविता से ली गई हैं, उस कविता का नाम क्या है? 1

(*ii*) किताब का सफ़्हा पलटने पर कवि क्या महसूस करता है? 1

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **25–30** शब्दों में लिखिए : 4

(*i*) कवि, धीरज और साहस न छोड़ने को क्यों कहता है?

(*ii*) कवि प्रदीप ने जवानों की जवानी को धन्य क्यों कहा है?

(*iii*) कवयित्री कीर्ति चौधरी लाचारी का अनुभव क्यों करती है?

(इ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **25–30** शब्दों में लिखिए : 6

(क) पिंजरबद्ध पंछी को किस प्रकार की सुविधाएँ दी गई हैं?

(ख) कवि नागार्जुन को प्राकृतिक सौंदर्य के दर्शन कैसे हुए?

(ग) श्री रामजी के आने का समाचार सुनकर माँ कौशल्या की क्या स्थिति हुई?

4. (अ) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्हीं **दो** क्रियाओं का सार्थक वाक्यों में सहायक क्रिया के रूप में प्रयोग कीजिए : 2

(*i*) आना

(*ii*) डालना

(*iii*) बैठना।

(आ) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

(*i*) राजन परीक्षा में अव्वल आया है।

(प्रश्नवाचक वाक्य में)

(*ii*) कल हम प्रदर्शनी देखने जाएँगे।

(निषेधवाचक वाक्य में)

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(*i*) तहखाना

(*ii*) सजग

(*iii*) उलझन।

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों का विशेषण रूप लिखिए : 2

(*i*) लोभ

(*ii*) कल्पना

(*iii*) आदर।

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का प्रसंगानुसार भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(*i*) आम

(*ii*) कल।

5. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए : 2

(*i*) बच्चा

(*ii*) गंभीर

(*iii*) भला।

(आ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **दो** मुहावरों का अर्थ लिखकर उन मुहावरों का सार्थक तथा स्वतंत्र वाक्य में प्रयोग कीजिए : 4

(*i*) अपने पैरों पर खड़ा होना

(*ii*) खरा सोना होना

(*iii*) मात दे देना।

(इ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **100–150** शब्दों में निबंध लिखिए : 6

(*i*) पुस्तकालय में एक घंटा।

(*ii*) भ्रष्टाचार एक समस्या।

(*iii*) मेरा प्रिय त्यौहार

(*iv*) आप भला तो जग भला।

6. (अ) निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए : 5

मयूरी/मयूर देशपांडे, ''कावेरी निवास'' गांधी मार्ग पेडणे–गोवा से अपने मित्र/सहेली तेजस/ तेजल को अपने पाठशाला में मनाए गए ''वनमहोत्सव'' का वर्णन करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

जाँन/जाँनिता डायस, अंबिका–भवन, केपे–गोवा से सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी अभियंता को एक पत्र लिखकर उन्हें सड़कों की दुर्दशा के बारे में अवगत कराती है।

(आ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उस कहानी का उचित शीर्षक तथा सीख भी लिखिए : 5

एक गाँव में अकाल — दयालु जमींदार का रोटियाँ बाँटना — जान–बूझकर एक सबसे छोटी रोटी में सोने की मुहर डालना — बच्चों का बड़ी रोटियाँ उठाना — एक बच्ची का बची हुई रोटी लेकर घर जाना — रोटी में सोने की मुहर मिलना — मुहर लौटाने जाना — जमींदार का इनाम देना — सीख।

7. निम्नलिखित गद्यखण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

घर, शिक्षा प्राप्त करने का पहला स्थान है और सभी के जीवन में अभिभावक पहले शिक्षक होते हैं। हम अपने बचपन में शिक्षा का पहला पाठ अपने घर विशेषरूप से माँ से प्राप्त करते हैं। हमारे माता-पिता जीवन में शिक्षा के महत्व को बताते हैं। जब हम तीन या चार साल के हो जाते हैं तो हम स्कूल में उपयुक्त नियमित और क्रमबद्ध पढ़ाई के लिए भेजे जाते हैं, जहाँ हमें बहुत-सी परीक्षाएँ देनी पड़ती हैं, तब हमें एक कक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण मिलता है।

एक-एक कक्षा को उत्तीर्ण करते-करते धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं, जब तक कि हम बारहवीं कक्षा को पास नहीं कर लेते। इसके बाद तकनीकी या पेशेवर डिग्री की प्राप्ति के लिए तैयारी शुरू कर देते हैं, जिसे उच्च शिक्षा भी कहा जाता है। उच्च शिक्षा सभी के लिए तकनीकी और पेशेवर प्राप्त करने के लिए उपयोगी है। हम अपने अभिभावकों और शिक्षक के प्रयासों द्वारा अपने जीवन में अच्छे शिक्षित व्यक्ति बन सकते हैं वे वास्तव में हमारे शुभचिंतक हैं जिन्होंने हमारे जीवन को सफलता की ओर ले जाने की मद्द की।

आजकल शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बहुत-सी योजनाएँ चलायी जा रही हैं ताकि सभी की उपयुक्त शिक्षा तक पहुँच संभव हो। पहले शिक्षा प्रणाली बहुत ही महंगी और कठिन थी। गरीब लोग बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं थे। समाज के लोगों के बीच बहुत अंतर और असमानता थी। उच्च जाति के लोग अच्छे से शिक्षा प्राप्त करते थे और निम्न जाति के लोगों को स्कूल या कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति नहीं थी। अब भारत सरकार द्वारा सभी के लिए शिक्षा प्रणाली को सुगम और कम महंगी करने के लिए बहुत से नियम और कानून बनाकर लागू किए हैं। शिक्षित व्यक्ति ही देश के मजबूत आधारस्तंभ होते हैं। वे भविष्य में देश को आगे ले जाने का नेतृत्व करते हैं?

**प्रश्न :**

(*i*) जीवन के पहले शिक्षक कौन होते हैं? 1

(*ii*) हम धीरे-धीरे आगे कैसे बढ़ते हैं? 1

(*iii*) शिक्षा का पहला पाठ हम किससे सीखते हैं? 1

(*iv*) शिक्षा प्राप्त करने का पहला स्थान क्या है? 1

(*v*) हम जीवन में अच्छे शिक्षित व्यक्ति कैसे बन सकते हैं? 1

(*vi*) सरकारी योजनाएँ चलाने का उद्देश्य क्या है? 1

(*vii*) गरीब लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम क्यों नहीं थे? 1

(*viii*) देश के मजबूत आधारस्तंभ कौन हैं? 1

(*ix*) शिक्षा प्रणाली को सुगम और कम मँहगा कैसे बनाया है? 1

(*x*) उपर्युक्त गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। 1

8. निम्नलिखित गद्यखण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हिमालय की ‘श्री कैलास’, ‘मात्री’ और ‘अनामी’ चोटी पर चढ़ने वाली चोटियों के नाम थे और इस पर चढ़ने वाले बारह सदस्य थे।

श्री कैलास की नाम की चोटी पर लड़के और लड़कियाँ साथ में ही आरोहण करने वाली थीं। ‘मात्री’ पर केवल लड़कियाँ ही जाने वाली थीं, और ‘अनामी’ पर लड़के। ‘मात्री’ शिखर पर आरोहण करने वाली रूपरेखा हमने बनाई। तपोवन जिसकी ऊँचाई 4500 मीटर है, हमारा पहला पड़ाव था। मात्री शिखर की ऊँचाई 7000 मी. है, चोटी पर पहुँचने से पहले कितने पड़ाव और कहाँ-कहाँ डालेंगे तथा कितने दिन लगेंगे, यह तय किया गया। खाने का और साथ के कुलियों का भी प्रबंध किया गया। सबसे पहले कोकिला मेहता और प्रतिमा पालकर ‘मात्री’ की रेकी करने गयी। पड़ाव की जगह निश्चित की और फिर वे दोनों वापस आयीं। कोकिला और मैं श्री कैलास की प्रथम टुकड़ी में आरोहण करने के लिए गई। इस समय प्रतिमा, स्वाती और गिरा ये तीनों ‘मात्री’ की ओर गयीं। दोनों स्थानों पर उन्होंने पड़ाव डाला और तीसरे दिन

उन्होंने शिखर पर पहुँचने का प्रयत्न किया। दस घंटे उन्होंने अथक परिश्रम किया, पर वायु का तापमान अच्छा न होने के कारण इन्हें वापस आना पड़ा। इस असफलता के पीछे सफलता छिपी थी। हमारा उद्देश्य हिमालय का दर्शन तथा इसके तीन शिखरों पर चढ़ना भी था।

**प्रश्न :**

(*i*) कैलास नाम की चोटी पर कौन आरोहण करने वाली थीं ? 1

(*ii*) तपोवन की ऊँचाई कितनी है ? 1

(*iii*) प्रतिमा, स्वाती और गिरा को शिखर पर पहुँचने से पहले वापस क्यों आना पड़ा ? 1

(*iv*) लेखक का उद्देश्य क्या था ? 1

(*v*) 'मात्री' की रेकी करने कौन चली गयी ? 1

(*vi*) हिमालय की चोटियों के नाम क्या थे ? 1